RAMAKRISHNA MISSION
SHILLONG
52nd CULTURAL COMPETITION, 2026

Language: Hindi   Group: D   Class: III - IV
Date: 12.07.26   Time: 11.30 A.M.

जिसे देश से प्यार नहीं हैं |

- श्रीकृष्ण सरल |

जिसे देश से प्यार नहीं हैं
जीने का अधिकार नहीं हैं।

जीने को तो पशु भी जीते
अपना पेट भरा करते हैं
कुछ दिन इस दुनिया में रह कर
वे अन्ततः मरा करते हैं।
ऐसे जीवन और मरण को,
होता यह संसार नहीं है
जीने का अधिकार नहीं हैं।

मानव वह है स्वयं जिए जो
और दूसरों को जीने दे,
जीवन- रस जो खुद पीता वह
उसे दूसरों को पीने दे।
साथ नहीं दे जो औरों का
क्या वह जीवन भार नहीं है?
जीने का अधिकार नहीं हैं।